55

वित्त संबंधी स्थायी समिति
(2022-2023)

सत्रहवीं लोक सभा

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

अनुदानों की मांगें
(2023-24)

पचपनवाँ प्रतिवेदन

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

मार्च, 2023 / फाल्गुन, 1944 (शक)

पचपनवाँ प्रतिवेदन

वित्त संबंधी स्थायी समिति
(2022-2023)

(सत्रहवीं लोक सभा)

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

अनुदानों की मांगें
(2023-24)

23 मार्च, 2023 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया

23 मार्च, 2023 को राज्य सभा के पटल पर रखा गया

सत्यमेव जयते

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

मार्च, 2023 / फाल्गुन, 1944 (शक)

विषय सूची

पृष्ठ सं.

समिति की संरचना..... (iii)
प्राक्कथन..... (v)

भाग- एक पृष्ठ सं.

एक	प्रस्तावना	1
दो	राजस्व मुख्यालय प्रशासन	2
तीन	वजटीय आवंटन और उपयोगिताएं	4
चार	माल एवं सेवा कर (जीएसटी)	22
पांच	गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कर संग्रह के ब्यौरे	27
छह	तलाशियों, जब्तियों और सर्वेक्षणों की क्षेत्रवार संख्या-	28
सात	लंबित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मामलों की संख्या	30
आठ	कर दाताओं के लिए शिकायत निवारण तंत्र (प्रत्यक्ष करों के संबंध में)	32
	अनुबंध – क से घ	34-45
भाग- दो		
समिति की टिप्पणियां/सिफारिशें		46-48
अनुबंध I और II		49-53
01.03.2023 और 15.03.2023 को हुई समिति की बैठकों का कार्यवाही सारांश		

वित्त संबंधी स्थायी समिति (2022-23) की संरचना

श्री जयंत सिन्हा – सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री एस. एस. अहलुवालिया
3. श्री सुखबीर सिंह बादल
4. श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया
5. डॉ सुभाष रामराव भामरे .
6. श्रीमती सुनीता दुग्गल
7. श्री गौरव गोगोई
8. श्री सुधीर गुप्ता
9. श्री मनोज कोटक
10. श्री पिनाकी मिश्रा
11. श्री हेमंत पाटिल
12. श्री रवि शंकर प्रसाद
13. श्री नामा नागेश्वर राव
14. प्रो .सौगात राय
15. श्री पी .वी .मिधुन रेड्डी
16. श्री गोपाल शेट्टी
17. श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा
18. डॉ) .प्रो (कीरिट प्रेमजीभाई सोलंकी
19. श्री मनीश तिवारी
20. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी
21. श्री राजेश वर्मा

राज्य सभा

22. डॉ राधा मोहन दास .अग्रवाल
23. श्री राघव चड्ढा
24. श्री पी .चिदम्बरम
25. श्री दामोदर राव दिवाकोंडा
26. श्री रायगा कृष्णैया
27. श्री सुशील कुमार मोदी
28. डॉ .अमर पटनायक
29. डॉ .सी .एम .रमेश
30. श्री जी .वी .एल .नरसिंहा राव
31. रिक्त

सचिवालय

1.	श्री सिद्धार्थ महाजन	-	संयुक्त सचिव
2.	श्री रामकुमार सूर्यनारायणन	-	निदेशक
3.	श्री कुलमोहन सिंह अरोड़ा	-	अपर निदेशक
4.	श्री प्रीतम प्रभाकर	-	समिति अधिकारी

प्रस्तावना

मैं, वित्त संबंधी समिति का सभापति, समिति द्वारा उसकी ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्राधिकृत किए जाने राजस्व मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति का यह पचपनवां प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) प्रस्तुत करता हूँ ।

2. लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन के नियमों के नियम 331ङ के अंतर्गत राजस्व मंत्रालय की अनुदानों की मांगें (2023-24) 08 फरवरी, 2023 को सभा पटल पर रखी गई थी।

3. समिति ने दिनांक 01 मार्च, 2023 को राजस्व मंत्रालय के प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया। समिति राजस्व मंत्रालय के प्रतिनिधियों को समिति के समक्ष उपस्थित होने और अनुदानों की मांगों (2023-24) की जांच के संबंध में वांछित सामग्री और सूचना उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद व्यक्त करती है।

4. समिति ने 15 मार्च, 2023 को हुई अपनी बैठक में इस प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया।

5. संदर्भ की सुविधा के लिए, समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों को प्रतिवेदन में मोटे अक्षरों में मुद्रित किया गया है ।

नई दिल्ली
15 मार्च 2023
24 फाल्गुन, 1944(शक)

श्री जयंत सिन्हा
सभापति,
वित्त संबंधी स्थायी समिति

प्रतिवेदन

भाग- एक

पृष्ठभूमि विश्लेषण

एक. प्रस्तावना

1.1 राजस्व विभाग, सचिव(राजस्व) के पूर्ण निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य करता है । यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघीय करों से संबंधित मामलों के संबंध में अपने अधीनस्थ दो कानूनी बोर्डों नामतः केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड के माध्यम से नियंत्रण करता है । प्रत्येक बोर्ड के प्रमुख अध्यक्ष होते हैं जो कि भारत सरकार के पदेन विशेष सचिव भी होते हैं । केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा सभी प्रत्यक्ष करों की उगाही करने और संग्रहण का कार्य किया जाता है, जबकि सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर तथा अन्य अप्रत्यक्ष करों की उगाही करने व संग्रहण से संबंधित कार्य केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड के कार्यक्षेत्र में आता है । ये दोनों बोर्ड केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के अंतर्गत गठित किए गए थे । प्रत्येक बोर्ड में 6 स्वीकृत सदस्य होते हैं।

1.2 राजस्व विभाग निम्नलिखित अधिनियमों को प्रशासित करता है-

i. आयकर अधिनियम, 1961;
ii. काला धन (गुप्त विदेशी आय एवं संपत्ति) कर अधिनियम, 2015;
iii. बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988;
iv. वित्त (सं0 2) अधिनियम, 2004 (प्रतिभूति संव्यवहार कर लगाने से संबंधित) का अध्याय VII;
v. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 और संबंधित मामले;
vi. सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और संबंधित मामले;
vii. केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956;
viii. सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975;
ix. केन्द्रीय उत्पाद प्रशुल्क अधिनियम, 1985;
x. स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985;
xi. स्वापक औषाधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ का अवैध व्यापार निवारण अधिनियम, 1988;
xii. तस्कर और विदेशी मुद्रा छल साधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976;
xiii. भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899(संघ के अधिकार क्षेत्र तक सीमित);
xiv. विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974;
xv. धन शोधन निवारण अधिनियम (पी एम एल ए), 2002 ; और
xvi. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 ;

xvii. संघ राज्य क्षेत्र माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017;

xviii. माल एवं सेवा कर (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017;

xix. केंद्रीय माल एवं सेवा कर, 2017;

xx. राज्य माल एवं सेवा कर, 2017;

xxi. एकीकृत माल एवं सेवाकर, 2017

1.3 यह विभाग निम्नलिखित सम्बद्धअधीनस्थ/ कार्यालयों के माध्यम से उपर्युक्त अधिनियमों से संबंधित मामलों की देखभाल करता है:-

i. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधीन आयुक्तालयनिदेशालय/;

ii. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अधीन आयुक्तालयनिदेशालय/;

iii. केन्द्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो;

iv. प्रवर्तन निदेशालय;

v. केन्द्रीय स्वापक ब्यूरो;

vi. मुख्य कारखाना नियंत्रक;

vii. सफेमा के अंतर्गत अपील अधिकरण;

viii. आयकर समझौता आयोग;

ix. सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समझौता आयोग;

x. सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपील अधिकरण;

xi. अग्रिम विनिर्णय प्राधिकरण (आयकर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क एवं सेवा कर के लिए);

xii. सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति; और

xiii. स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और तस्कर एवं विदेशी मुद्रा छल साधक (सम्पत्ति सम्पहरण) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत नियुक्त सक्षम प्राधिकारी ;

xiv. भारत वित्त आसूचना एकक (एफ आई यू-इंड);

xv. धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत न्याय निर्णयन प्राधिकरण

xvi. पुनरीक्षण आवेदन इकाई

दो. राजस्व मुख्यालय प्रशासन

राजस्व विभाग का मुख्यालय विभाग से सम्बंधित सभी प्रशासनिक कार्यों से संबंधित मामलों, दोनों बोर्ड (के.उ.शु. एवं सी.शु.बोर्ड तथा के.प्र. कर बोर्ड) के बीच समन्वय, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (संघ के क्षेत्राधिकार तक सीमित), केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम,1985 (एनडीपीएस अधिनियम) तस्कर और विदेशी मुद्रा छल साधक (सम्पत्ति सम्पहरण) अधिनियम, 1976 (सफेम)/(फोम) (अधिनियम), विदेशी मुद्रा प्रबन्ध अधिनियम, 1999

(फेमा) तथा विदेशी मुद्रा सरंक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम,1974 का संरक्षण (काफेपोसा, धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रशासन तथा विभाग के निम्नलिखित सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के मामलों से सम्बंधित कार्य देखता है:-

क. प्रवर्तन निदेशालय
ख. केन्द्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो (सीबीईसी)
ग. सफेम (फोम) क और एनडीपीएसए के अन्तर्गत नियुक्त सक्षम प्राधिकारी
घ. मुख्य कारखाना नियंत्रक
ङ. केन्द्रीय स्वापक ब्यूरो
च. सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपील अधिकरण(सीस्टेट)
छ. सफेम के अंतर्गत अपील अधिकरण
ज. सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समझौता आयोग(सी सी ई एस सी)
झ. आयकर समझौता आयोग (आई टी एस सी)
ञ. आयकर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और सेवा कर के लिए अग्रिम विनिर्णय प्राधिकरण;
ट. सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति
ठ. भारत - वित्त आसूचना एकक (एफ आई यू- इंड)
ड. धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत न्याय निर्णयन प्राधिकरण
ढ. राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान(एनआईपीएफपी)

मुख्यालय द्वारा निम्नलिखित मदों पर भी कार्य किया जाता है:-

निम्नलिखित की नियुक्ति:-

- ✓ केएवं.शु.उ. सीमा शुल्क बोर्ड तथा केकर.प्र. बोर्ड के अध्यक्ष तथा सदस्य
- ✓ सीस्टेट के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य
- ✓ सीतथा.शु. के.शु.उ. समझौता आयोग तथा आयकर समझौता आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य
- ✓ सी.शु.उ.के/.शु. तथा आयकर अग्रिम विनिर्णय प्राधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य
- ✓ सीईआईबी का महानिदेशक
- ✓ प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक
- ✓ सक्षम प्राधिकारी (सफेम एफओपी) अधिनियम तथा एन डी पी एस अधिनियम
- ✓ निदेशक (वित्त आसूचना एकक-भारत)
- ✓ धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत न्याय निर्णयन प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्य

✓ सफेम (फोप) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत गठित अपील अधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य

✓ सीवीओ, सीबीडीटीईडी/ईसीसीबी/ की नियुक्ति

तीन . बजटीय आबंटन और उपयोगिताएं

3.1 वित्त मंत्रालय की विस्तृत अनुदानों की मांगों (2023-24) को 8 फरवरी, 2023 को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व विभाग, प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर की मांगों के राजस्व खंड और पूंजी खंड का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	मांग संख्या और नाम	राजस्व स्वीकृत	पूंजी स्वीकृत	कुल
1.	35 – राजस्व विभाग	189707.53	119.84	189827.37
2.	36 – प्रत्यक्ष कर	8282.27	1610.00	9308.80
3.	37 – अप्रत्यक्ष कर	36305.58	2205.00	41139.17

3.2 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए मांग संख्या 35, 36 और 37 के अंतर्गत बजटीय प्रावधानों का सारांश निम्नानुसार है:

<u>अनुदानों की मांग संख्या - 35 - राजस्व विभाग (मुख्यालय)</u>

राजस्व विभाग की अनुदान संख्या 35 (वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2020-21 में पूर्ववर्ती अनुदान संख्या 31 और वित्त वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या 33) में कोई केंद्रीय क्षेत्र या केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाएं नहीं हैं।

अनुदान संख्या 35 के अंतर्गत सम्पूर्ण बजट प्रावधान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जीएसटी क्षतिपूर्ति और सचिवालय और इसके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के स्थापना संबंधी व्यय के लिए है। वित्त वर्ष 2020-21 से पिछले तीन वर्षों के लिए वर्षवार आवंटन और उपयोग इस प्रकार है:

(राशि करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	बज़ट अनुमान	संशोधित अनुमान	31 मार्च तक का व्यय	उपयोग किए गए संशोधित अनुमान का %	(+)बचत/ (-)आधिक्य
2020-21	272250.83	272454.75	268877.95	98.69	(+)3576.80
2021-22	201512.64	209805.42	209656.35	99.93	(+) 149.07
2022-23	227552.52	247295.02	169318.09 (दिसम्बर, 2022 तक का व्यय)	68.47	

2023-24 189827.37

स्पष्टीकरण:

वित्त वर्ष 2020-21

वित्त वर्ष 2020-21 के लिए राजस्व विभाग की मांग संख्या 31 के अंतर्गत कुल बजट प्रावधान 272250.83 करोड़ रुपये था। पूंजीगत व्यय कुल बजट अनुदान का एक छोटा सा हिस्सा है और यह 91.21 करोड़ रुपये है। राजस्व पक्ष पर,अनुदान संख्या 31- राजस्व विभाग के अंतर्गत बजट का प्रमुख घटक कर सुधारों की शुरूआत पर राजस्व हानि के कारण राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्रोंको जीएसटी क्षतिपूर्ति प्रदान करना था। वर्ष 2020-21 के लिए 135368.03 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान विधान सभा वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति के भुगतान पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रखा गया था। उपकर की इतनी ही राशि 135368.03 करोड़ रुपये जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में अंतरित करने के लिए भी रखी गई थी। 272454.75 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में व्यय केवल 268877.95 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2021-22

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राजस्व विभाग की मांग संख्या 33 के अंतर्गत कुल बजट प्रावधान 201512.64 करोड़ रुपये था, जिसमें राजस्व विभाग का पूंजीगत व्यय 13.02 करोड़ रुपये औरस्थापना संबंधी व्यय शामिल है। राजस्व पक्ष पर, अनुदान संख्या 33- राजस्व विभाग के अंतर्गत बजट का प्रमुख घटक कर सुधारों पर राजस्व हानि के कारण राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को जीएसटी क्षतिपूर्ति प्रदान करना था। विधानसभा वाले राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति के भुगतान पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए वर्ष 2021-22 के लिए 100000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया था. उपकर की इतनी ही राशि 100000 करोड़ रुपये जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में अंतरित करने के लिए भी रखी गई थी। 209805.42 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में व्यय केवल 209656.35 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2022-23

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजस्व विभाग की मांग संख्या 35 के अंतर्गत कुल बजट प्रावधान 227552.52 करोड़ रुपये है जिसमें राजस्व विभाग के 4.30 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय औरस्थापना संबंधी व्यय शामिल हैं।राजस्व पक्ष पर,अनुदान संख्या 35-राजस्व विभाग के अंतर्गत बजट का प्रमुख घटक, कर सुधारों पर राजस्व हानि के कारण राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को जीएसटी क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए है। विधान सभा वाले राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति के भुगतान पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए वर्ष 2022-23 के लिए 106000.00 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है। यह अनुमान, राज्यों के वित्त वर्ष 2017-18 , 2018-19, 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के उप कर/एजी प्रमाणित राजस्व आंकड़ों के संग्रहण की प्रवृत्ति पर आधारित था। 120000.00 करोड़ रुपये की राशि, क्षतिपूर्ति उपकर भी जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में अंतरित करने के लिए रखा गया था। यह अनुमान, राजस्व संग्रहण की प्रवृत्ति पर आधारित है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रोंको देय जीएसटी क्षतिपूर्ति की अनंतिम रूप से द्विमासिक आधार पर गणना की जाती

है और यह सीएजी द्वारा लेखापरीक्षित राजस्व आंकड़े प्राप्त होने पर समायोजन के अधीन है। 115661.5572 करोड़ रुपये की राशि दिसंबर, 2022 तक जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में विधान मंडल वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकार को 106000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान की तुलना में पहले ही जारी की जा चुकी है।

हालांकि, बजट अनुमान 2022-23 के 227552.52 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में संशोधित अनुमान स्तर पर, बजट प्रावधान को अब बढ़ाकर 247295.02 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो मुख्य रूप से विधान मंडल वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को जीएसटी क्षतिपूर्ति जारी करने और जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में अंतरण करने के लिए क्रमशः 9662.00 करोड़ रुपये और 10000.00 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि के प्रावधान के कारण है।इसके अलावा पूंजी खंड के अंतर्गत, प्रवर्तन निदेशालय के लिए जमीन और बने-बनाए आवास की खरीद के लिए संशोधित अनुमान 2022-23 में 30.00 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। संशोधित अनुमान के अंतर्गत अतिरिक्त आवश्यकता को पूरक के माध्यम से पूरा किया जाना है। 2022-23 में अनुदान के इसी खंड के अंतर्गत बचत/वसूली/प्राप्तियों के लेखा-जोखा को ध्यान में रखकर टोकन/तकनीकी/नकद पूरक के माध्यम सेपूरक अनुदान मांगों के प्रथमबैच (दिसम्बर, 2022) में 19728.49 करोड़ रुपए (राजस्व खंड के अन्तर्गत 19698.49 करोड़ रुपए एवं पूंजी खंड के अन्तर्गत 30.00 करोड़ रुपए) की राशि उपलब्ध करायी गयी है।

<u>वित्त वर्ष 2023-24</u>

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व विभाग की मांग संख्या 35 के अंतर्गत कुल प्रस्तावित बजट प्रावधान 189827.37 करोड़ रुपये है। पूंजीगत व्यय, कुल बजट अनुदान का एक छोटा सा हिस्सा है और यह 119.84 करोड़ रुपये है।

व्यय विभाग ने दिनांक 16 दिसंबर, 2022 की अधिसूचना के अंतर्गत डीएफपीआर, 1978 के नियम 8 में संशोधन को दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से अधिसूचित किया है और राजस्व और पूंजी खंड के अंतर्गत विभिन्न नए वस्तु शीर्ष सम्मिलित किए गए हैं। नवसृजित वस्तु शीर्षों के विवरण/परिभाषा के अनुसार, कुछ नवसृजित वस्तु शीर्षों, जिनके लिए वर्तमान में राजस्व खंड अर्थात वस्तु शीर्ष कार्यालय, व्यय, सूचना प्रौद्योगिकी (ओई) आदि के अंतर्गत व्ययों को दर्ज किया गया है, को पूंजी खंड के अंतर्गत वस्तु शीर्ष जैसे सूचना, कंप्यूटर, दूरसंचार (आईसीटी) उपकरण, फर्नीचर और फिक्स्चर इत्यादि में अंतरित कर दिया गया है। जिसके कारण पूंजी खंड के अधीन प्रावधानों को बढ़ाया गया है और बजट अनुमान2022-23 तथा संशोधित अनुमान 2022-23 के क्रमशः 4.30 करोड़ रुपये और 34.30 करोड़ रुपये के प्रावधानों की तुलना में बजट अनुमान 2023-24 में 119.84 करोड़ रुपये रखा गया है।

राजस्व पक्ष में, प्रमुख प्रावधान निम्नानुसार प्रस्तावित हैं: -

अनुदान संख्या 35- राजस्व विभाग, के अंतर्गत बजट का प्रमुख घटक कर सुधारों पर राजस्व हानि के कारण राज्य सरकारों/संघराज्य क्षेत्रोंको जीएसटी क्षतिपूर्ति प्रदान करना है। विधान मंडल वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति के भुगतान पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 के लिए

43055.00 करोड़ रुपये काबजट प्रावधान रखा गया है। यह अनुमान, अर्थव्यवस्था में वर्तमान अपेक्षित वृद्धि और एसजीएसटी/आईजीएसटी और उपकर संग्रह की प्रवृत्ति पर आधारित है। जीएसटी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 2017 की धारा 10 के अनुसार जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में क्षतिपूर्ति उपकर (145000.00 करोड़ रुपये) की राशि को अंतरित करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो यह व्यवस्था करता है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की आय को एक गैर-व्यपगत निधि, जिसे जीएसटी क्षतिपूर्ति निधि के रूप में जाना जाता है तथा जो भारत के लोक लेखा का हिस्सा बनेगा, में जमा किया जाएगा।

राजस्व मुख्यालय एवं इसके सचिवालय तथा विभिन्न संबद्ध कार्यालयों [केंद्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो; भारत की वित्तीय आसूचना इकाई; माल और सेवा कर परिषद सचिवालय; प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक, सीबीडीटी; प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक, सीबीआईसी; सक्षम प्राधिकारी, कर नीति अनुसंधान इकाई, वेतन एवं लेखा कार्यालय (राजस्व)] के स्थापना संबंधी व्यय के लिए 378.84 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 के लिए 335.78 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। संरचनागत विकास के कारण वर्ष 2022-23 के लिए 357.57 करोड़ रुपये के बजट अनुमान और 398.97 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में प्रवर्तन निदेशालय के लिए बजट अनुमान प्रावधान 404.57 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अतिरिक्त, राजस्व विभाग की मांग संख्या 35 के अंतर्गत बजट अनुमान 2022-23 के 233.32 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में वर्ष2023-24 के लिए जीएसटीएन को उपयोगकर्ता के प्रभारों के भुगतान के लिए 296.00 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है।

राजस्व विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) को सहायता अनुदान (वेतन), अंतरराष्ट्रीय संगठनों जिसमें भारत एक सक्रिय भागीदार है,के लिए अंशदान जैसे कुछ अन्य व्यय और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, विशेष जांच दल (एसआईटी) और विभिन्न अधिकरणों (सम्पह्नत संपत्ति अपीलीय अधिकरण; सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण (सीस्टैट), विभाग के अधीन कार्य कर रहे धन शोधन निवारण अधिनियम (एए-पीएमएमए) के अंतर्गत न्यायनिर्णयन प्राधिकरण के स्थापना संबंधी व्यय हैं।

इस अनुदान के अंतर्गत अन्य प्रमुख व्यय सरकारी अफीम और क्षारोद कार्यों के संचालन पर है, जो घरेलू फार्मा कंपनियों द्वारा औषधीय उपयोग के लिए क्षारोद के आयात, निर्यात के लिए कच्ची अफीम के प्रसंस्करण, गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) और नीमच (मध्य प्रदेश) में स्थित उनके कारखानों के माध्यम से अफीम क्षारोद के निर्माण और अन्य संबंधित कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं। वर्ष 2023-24 के लिए 467.74 करोड़ रुपये (लगभग) का प्रावधान रखा गया है।

पूंजी खंड के अंतर्गत, प्रमुख आवश्यकता एमएच 4070 के अंतर्गत है, जो कि टीपीआरयू, वेतन और लेखा कार्यालय (राजस्व),तस्कर एवं विदेशी मुद्रा छलसाधक(संपत्ति का समपहरण)अधिनियम तथा स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत सक्षम अधिकारियों,विभिन्न देशों में आयकर विदेशी इकाइयां(आईटीओयू), केंद्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो, वित्तीय आसूचना इकाई(एफआईयू-आईएनडी), प्रधान

मुख्य लेखा नियंत्रक, सीबीडीटी, प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक, सीबीईसी और माल और सेवा कर परिषद सचिवालय तथा केंद्रीय स्वापक ब्यूरो सहित राजस्व मुख्यालय की पूंजीगत प्रकृति के स्थापना संबंधी व्यय के लिए है।

इसके अतिरिक्त, एमएच 4059 के अंतर्गत, प्रवर्तन निदेशालय के विभिन्न बुनियादी ढांचे संबंधी प्रस्तावों को पूरा करने के लिए बजट अनुमान 2023-24 में 0.08 करोड़ रुपये का टोकन प्रावधान भी रखा गया है।

अनुदान मांग संख्या - 36 - प्रत्यक्ष कर

प्रत्यक्ष करों में कोई केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ और केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाएँ नहीं हैं। पूरा बजट सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) के क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित वेतन/प्रशासनिक व्यय के लिए है।

वित्त वर्ष 2020-21 से प्रारंभ करके वर्ष-वार संक्षिप्त सार नीचे तालिका में दी गई है:-

(करोड़ रु.में)

वित्त वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान (अनुपूरक सहित)	कुल व्यय (संबंधिक वित्त वर्ष के 31 मार्च तक)	उपयोग किए गए संशोधित अनुमान का %	बजट और व्यय के मध्य का अंतर
2020-21	8065.39	7694.00	7403.07	96.22	बजट अनुमान से 662.32(चूंकि बजट अनुमान संशोधित अनुमान से अधिक है)
2021-22	8532.34	8508.89	7700.42	90.49	बजट अनुमान से 831.92(चूंकि बीई आरई से अधिक है)
2022-23	9308.80	9431.15	6206.37 (31.12.2022 तक)	65.78	--
2023-24	9892.87				

स्पष्टीकरण:

वित्त वर्ष 2020-21

8065.39 करोड़ रुपये के बजट अनुमान को संशोधित अनुमान स्तर पर 7694.00 करोड़ रुपये कर दिया गया अर्थात् 371.39 करोड़ रुपये की कमी है। राजस्व खंड में वेतन शीर्ष के अंतर्गत आवंटन 4534.97 करोड़ रुपये से घटाकर 4445.03 करोड़ रुपये किया गया जो बजट अनुमान पर 89.94 करोड़ रुपये की कमी है। दिनांक 31.03.2021 तक वास्तविक व्यय 7403.07 करोड़ रुपये था। (7229.93 करोड़ रुपये राजस्व खंड तथा 173.14 करोड़ रुपये पूँजी खंड के अंतर्गत है)। यह दर्शाता है कि संशोधित अनुमान के अनुसार बजट के 96.22% का उपयोग हुआ। राजस्व खंड के अंतर्गत संशोधित अनुमान के 67.51% का उपयोग किया गया जबकि पूँजी खंड के लिए यह 22.50% था। वित्तीय वर्ष 2020-21 में अभ्यर्पित धन राशि 580.71 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 2021-22

8532.34 करोड़ रुपये के बजट अनुमान को संशोधित अनुमान स्तर पर 8508.89 करोड़ रुपये कर दिया गया था जो 23.45 करोड़ रुपये की कमी है। राजस्व खंड के अंतर्गत वेतन शीर्ष के अंतर्गत आवंटन 4811.74 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5056.30 करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया अर्थात् बजट अनुमान पर 244.56 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। दिनांक 31.03.2022 तक वास्तविक व्यय 7700.42 करोड़ रुपये हुआ (7484.95 करोड़ रुपये राजस्व खंड के अंतर्गत तथा 215.47 करोड़ रुपये पूँजी अनुभाग के अंतर्गत)। यह दर्शाता है कि संशोधित अनुमान के अनुसार बजट के 90.49% का उपयोग हुआ। राजस्व खंड के अंतर्गत संशोधित अनुमान के 91.20%का उपयोग किया गया जबकि पूँजी खंड के अंतर्गत 71.35% का उपयोग हुआ। वित्तीय वर्ष 2021-22 में अभ्यर्पित धनराशि 770.74 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 2022-23

9308.80 करोड़ रुपये के बजट अनुमान को संशोधित अनुमान स्तर पर बढ़ाकर 9431.15 करोड़ रुपये कर दिया गया है जो 122.35 करोड़ रुपये की वृद्धि है। राजस्व खंड में 'वेतन' शीर्ष के अंतर्गत आवंटन को 5546.00 करोड़ रुपये से घटाकर 5350.00 करोड़ रुपये किया गया जो बजट अनुमान से 196.00 करोड़ रुपये की कमी है। दिनांक 31.12.2022 तक वास्तविक व्यय 6206.38 करोड़ रुपये है। (6105.69 करोड़ रुपये राजस्व खंड के अंतर्गत तथा 100.69 करोड़ रुपये पूँजी खंड के अंतर्गत)। यह दर्शाता है कि संशोधित अनुमान के अनुसार दिसम्बर, 2022 तक बजट के 65.78% का उपयोग हुआ। राजस्व खंड के अंतर्गत संशोधित अनुमान के 69.70% उपयोग किया गया जबकि पूँजी खंड के अंतर्गत उपयोगिता संशोधित अनुमान का 14.99% थी।

वित्त वर्ष 2023-24

वर्ष 2023-24 के लिए बजट अनुमान 9892.87 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है जिसमें 8282.87 करोड़ रुपये राजस्व शीर्ष तथा 1610.00 करोड़ रुपये पूँजी शीर्ष के अंतर्गत है। राजस्व खंड में 'वेतन' के लिए 5851.00 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित किया गया है जो 8282.87 करोड़ रुपये केराजस्व अनुदान का 70.63% है और 9892.87 करोड़ रुपये के कुल अनुदान का 59.15% है।

व्यय विभाग की अधिसूचना एसओ संख्या 5895(ई) दिनांक 16.12.2022 के माध्यम से मौजूदा वस्तु शीर्षों में संशोधन किया गया है। राजस्व व्यय "वस्तु श्रेणी-I" के अंतर्गत "कर्मचारियों को मुआवजा" दिया गया है और इसमें वेतन, पुरस्कार, भत्ते और अवकाश यात्रा रियायतें शामिल हैं। तदनुसार, वेतन, पुरस्कार, भत्ते और अवकाश यात्रा रियायतों की आवश्यकता के लिए मौजूदा वस्तु शीर्ष "वेतन" का ब्यौरा दिया जाना चाहिए। पिछले वर्षों के व्यय की प्रवृत्ति के आधार पर, बीसीए से प्राप्त वस्तु शीर्ष "वेतन" के विवरण से संबंधित इनपुट और कुछ बीसीए के साथ चर्चा के मद्देनजर, वेतन के 40-45%तक की राशि भत्तों, एलटीसी, पुरस्कार (बोनस) आदि के भुगतान के लिए प्रस्तावित है और 55-60%वेतन के आधारभूत भाग के लिए प्रस्तावित है।

तदनुसार, संशोधित वस्तु शीर्षों के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार, बजट अनुमान 2023-24 के लिए वस्तु शीर्ष "वेतन" के अंतर्गत प्रक्षेपण निम्नानुसार प्रस्तावित है:

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	विद्यमान वस्तु शीर्ष	बजट अनुमान 2023-24	नए वस्तु शीर्ष	बजट अनुमान 2023-24
1	वेतन	5851.00	वेतन	3335.50
			पुरस्कार	29.25
			भत्ते	2457.00
			एलटीसी	29.25
कुल		**5851.00**		**5851.00**

गैर-वेतन राजस्व खंड के अंतर्गत, विभिन्न मौजूदा वस्तु शीर्षों और नए वस्तु शीर्षों के अंतर्गत प्रक्षेपण का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:-

- **मजदूरी:-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 80.00 करोड़ रुपये तक का व्यय अनुमानित है जो राजस्व अनुदान का 0.96% है।
- **समयोपरि भत्ता:-** दिनांक 16.12.2022 की अधिसूचना के अनुसार, दिनांक 01.04.2023 से समयोपरि भत्ता अब एक पृथक वस्तु शीर्ष नहीं रहा और इसे अब भत्ता के रूप में ही लिया जाएगा। तद्नुसार, समयोपरि भत्ता के अंतर्गत प्रस्तावित राशि शून्य है।
- **चिकित्सा उपचार:-** बजट अनुमान 2023-24 के लिए इस शीर्ष के अंतर्गत 72 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है जो राजस्व अनुदान का 0.86% है।
- **घरेलू यात्रा व्यय:-** बजट अनुमान 2023-24 के लिए इस शीर्ष के अंतर्गत 74 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है जोराजस्व अनुदान का 0.89% है।
- **विदेश यात्रा व्यय:-** बजट अनुमान 2023-24 के लिए इस शीर्ष के अंतर्गत व्यय 2.00 करोड़ रूपए अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.02% है। चालू वित्त वर्ष में कोविड-19 महामारी की स्थिति में सुधार के कारण और ओईसीडी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों और सेमिनारों के आयोजन के कारण, एफटी एंड टीआर, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और/या हस्तांतरण मूल्य निर्धारण इकाइयों के अन्तर्गत तैनात विभिन्न अधिकारियों द्वारा भाग लेने की आवश्यकता के कारण, निधियों की आवश्यकता होगी।
- **कार्यालय व्यय :-** बजट प्रभाग, डीईए द्वारा बजट अनुमान 2023-24 के लिए सूचित सीमा को ध्यान में रखते हुए और दिनांक 16.12.2022 की अधिसूचना के अतिरिक्त, व्यय का एक हिस्सा, जो पहले मौजूदा वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" में शामिल था, को आंशिक रूप से 3 नए वस्तु शीर्ष अर्थात् "अन्य के लिए किराया", ईंधन और लूब्रीकेंट और "मरम्मत और रखरखाव" में लिया गया है। इन तीन नए वस्तु शीर्ष के बारे में चर्चा बाद की टिप्पणियों में दी गई है। तदनुसार, पूर्व वर्षों के व्यय के रुझान के आधार पर, बीसीए से प्राप्त इनपुट और जीईएम वेबसाइट पर डेटा के मद्देनजर, बजट अनुमान 2023-24 के लिए वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" के लिए अनुमान 806.30 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

- **किराया, दरें और कर:-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 650.97 करोड रुपए का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 7.86% है।
- **प्रकाशनः-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 3.30 करोड़ रु का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.039% है।
- **अन्य प्रशासनिक व्यय :-** दिनांक 16.12.2022 की अधिसूचना के मद्देनजर, दिनांक 01.04.2023 वस्तु शीर्ष "अन्य प्रशासनिक व्यय" अब एक पृथक वस्तु शीर्ष नहीं है। मौजूदा वस्तु शीर्ष " अन्य प्रशासनिक व्यय" आवश्यकता के अंतर्गत नए वस्तु शीर्ष को "अन्य राजस्व व्यय" में शामिल किया गया है और "प्रशिक्षण भाग" को नए वस्तु शीर्ष "प्रशिक्षण व्यय" में शामिल किया गया है।
- **विज्ञापन एवं प्रचार:-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए आईएफयू द्वारा 75.00 करोड़ रु का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.90% है।
- **लघु निर्माण कार्य :-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिएकुल अनुमानित व्यय 100 करोड़ रु.है, जो राजस्व अनुदान का 1.20% है।
- **व्यावसायिक सेवाएं: -** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 102.55 करोड़ रु के व्यय का अनुमान है, जो राजस्व अनुदान का 1.23% है।
- **अंशदानः-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 1.01 करोड़ रु. का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.01% है ।
- **गुप्त सेवा व्ययः-** इस शीर्ष के अंतर्गत बजट अनुमान 2023-24 के लिए 42.00 करोड़ रु. का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.50% है।
- **अन्य शुल्क: -** दिनांक 16.12.2022 की अधिसूचना के मद्देनजर, दिनांक 01.04.2023 से वस्तु शीर्ष "अन्य शुल्क अब एक अलग वस्तु शीर्ष नहीं है और इसे या तो पुरस्कार एवं पारितोषिक या अन्य राजस्व व्यय के हिस्से के रूप में माना जाए। तदनुसार, अन्य शुल्कों के अंतर्गत अनुमानित व्यय को "पुरस्कार एवं पारितोषिक" नामक एक नए वस्तु शीर्ष के अंतर्गत प्रस्तावित किया जा रहा है।
- **स्वच्छता कार्रवाई योजना: -** इस शीर्ष के अंतर्गतबजट अनुमान 2023-24 के लिए 25.00 करोड़ रु. का व्यय अनुमानित है, जो राजस्व अनुदान का 0.30% है।
- **सूचना प्रौद्योगिकी (अन्य व्यय): -** दिनांक 16.12.2022 की अधिसूचना द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के माध्यम से, दिनांक 01.04.2023 से, पूर्ववर्ती सूचना प्रौद्योगिकी (अन्य व्यय)के राजस्व भाग को डिजिटल उपकरण के अंतर्गत रखा जाना है। तदनुसार, " डिजिटल उपकरण " नामक एक नए वस्तु शीर्ष को 100 करोड़ रुआवंटित किए जाएंगे।इसके अलावा,900 करोड़ रु. की राशि की पूंजी व्यय के रूप में पहचान की गई है और एम.एच. 4075 के अंतर्गत आवंटित किया गया है।
- **अन्य के लिए किराया :-** यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें उपकरण और विभिन्न मदों जैसे कार्यालय उपकरण, परिवहन, कंप्यूटर और सहायक उपकरण, संचार, वायु वातानुकूलन आदि के लिए

किराए पर व्यय शामिल होगा। इसमें उपकरण और अन्य वस्तुओं के लिए पट्टा शुल्क भी शामिल होगा, जिसका स्वामित्व सरकार को हस्तांतरणीय नहीं है। इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 187.91 करोड़ रुपये की राशिका प्रस्ताव किया जा रहा है, जो पूर्व में विद्यमान वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" में शामिल थी।

- **ईंधन और ल्यूब्रीकेंट:-** यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें पेट्रोल, तेल, ल्यूब्रीकेंटऔर अन्य ईंधनों पर व्यय शामिल होगा। 15.00 करोड रुपये की राशिइस नए वस्तु शीर्ष के लिए प्रस्तावित की जा रही है, जो पहले मौजूदा वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" में शामिल थी।
- मरम्मत और रखरखाव यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें मशीनरी और उपकरण, कार्यालय उपकरण, कार्यालय उपयोग के लिए डिजिटल उपकरण, डिजिटल उपकरण आदि जैसे उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव (सभी रखरखाव अनुबंध सहित) पर व्यय शामिल होगा। इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 25.00 करोड़ रु. की राशि प्रस्तावित की जा रही है, जो पूर्व में विद्यमान वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" में शामिल थी।
- रॉयल्टी:- यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें पेटेंट, डिजाइन आदि की रॉयल्टी पर व्यय शामिल होगा और इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 50 हजार रु. की राशि प्रस्तावित की जा रही है।
- प्रशिक्षण व्यय:- यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें प्रशिक्षण, कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए भुगतान की गई फीस, आकस्मिक व्यय, सामग्री आदि जैसे प्रशिक्षण लागत पर व्यय शामिल होगा। पहले यह राशि "अन्य प्रशासनिक व्यय" में शामिल थी। प्रधान महानिदेशक (मानव संसाधन विकास), नई दिल्ली और प्रधान महानिदेशक(प्रशिक्षण), एनएडीटी, नागपुर के लिए निधि की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 42 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की जा रही है।
- अन्य राजस्व व्यय: - यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें समाचार पत्रों, ब्रीफकेस आदि की प्रतिपूर्ति पर व्यय शामिल होगा। इसके अलावा, कोई अन्य व्यय जो इन विनिर्दिष्ट वस्तु शीर्षों में से किसी के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है, इस शीर्ष से डेबिट किया जाएगा। इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 21.82 करोड़ रु. की राशि का प्रस्ताव किया जा रहा है।
- पुरस्कार और पारितोषिक:- यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें प्रतिष्ठित व्यक्तियों और संगठनों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों और पारितोषिकों पर व्यय शामिल होगा। इस वस्तु शीर्ष का कुछ हिस्सा मौजूदा वस्तु शीर्ष "अन्य शुल्क " में शामिल किया गया था। इस नए वस्तु शीर्ष हेतु 3.01 करोड़ रु. की राशिका प्रस्ताव किया जा रहा है।
- डिजिटल उपकरण: - यह एक नया वस्तु शीर्ष है और इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद पर राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किए जाने वाले व्यय, जहां मद की लागत 1 लाख रुपये की सीमा से अधिक नहीं है या तीन साल का उपयोगी जीवन, दोनों में से कोई एक, और उपभोग्य वस्तुएं आदि शामिल होंगे। इस वस्तु शीर्ष को मौजूदा वस्तु शीर्ष "सूचना प्रौद्योगिकी (अन्य व्यय)" में शामिल किया गया था। इस नए वस्तु शीर्ष के लिए 100 करोड़ रु का प्रस्ताव किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व खंड के अनुमानों का सारांश नीचे दिए गए विवरण के अनुसार है।

(करोड़ रूपए में)

क्रम संख्या	मौजूदा वस्तु शीर्ष	बजट अनुमान 24-2023			संशोधित वस्तु शीर्ष	बजट अनुमान 24-2023
1	वेतन	5851.00		1	वेतन	3,335.50
				2	भत्ते	2,457.00
				3	पुरस्कार	29.25
				4	एलटीसी	29.25
2	मजदूरी	80.00	कोई परिवर्तन नहीं	5	मजदूरी	80.00
3	चिकित्सा उपचार	72.00	कोई परिवर्तन नहीं	6	चिकित्सा उपचार	72.00
4	घरेलू यात्रा व्यय	74.00	कोई परिवर्तन नहीं	7	घरेलू यात्रा व्यय	74.00
5	विदेश यात्रा व्यय	2.00	कोई परिवर्तन नहीं	8	विदेश यात्रा व्यय	2.00
6	समयोपरि भत्ता (ओटीए)	0.25	विलोपित			0.00
7	कार्यालय व्यय (पारित)	-		9	कार्यालय व्यय	806.30
			नया शीर्ष (अन्य व्यय से अलग)	10	अन्य के लिए किराया	187.91
			नया शीर्ष (अन्य व्यय से अलग)	11	ईंधन और ल्यूब्रीकेंट	15.00
			नया शीर्ष (अन्य व्यय से अलग)	12	मरम्मत और रखरखाव	25.00
			नया शीर्ष	13	रॉयल्टी	0.01
8	किराया, दर और कर	650.97	कोई परिवर्तन नहीं	14	किराया, दर और कर	650.97
9	प्रकाशन	3.30	कोई परिवर्तन नहीं	15	प्रकाशन	3.30
10	अन्य प्रशासनिक व्यय	-	एक नए वस्तु शीर्ष "प्रशिक्षण व्यय" में रखा गया और	16	प्रशिक्षण व्यय	45.00
			आंशिक रूप से एक नए वस्तु शीर्ष "अन्य राजस्व व्यय" में रखा गया	17	अन्य राजस्व व्यय	21.82
11	विज्ञापन और प्रचार	75.00	कोई परिवर्तन नहीं	18	विज्ञापन और प्रचार	75.00
12	लघु निर्माण कार्य	100.00	कोई परिवर्तन नहीं	19	लघु निर्माण कार्य	100.00
13	व्यवसायिक सेवाएं	102.55	कोई परिवर्तन नहीं	20	व्यवसायिक सेवाएं	102.55

14	**अंशदान**	1.00	कोई परिवर्तन नहीं	**21**	**योगदान**	1.01
15	**गुप्त सेवा व्यय**	42.00	कोई परिवर्तन नहीं	**22**	**गुप्त सेवा व्यय**	42.00
16	**अन्य शुल्क**	-	बंद कर दिया गया और राशि को एक नए शीर्ष **"अन्य राजस्व व्यय" और "पुरस्कार और पारितोषिक" में रखा गया।**	**23**	**पुरस्कार और पारितोषिक**	3.01
17	**स्वच्छता कार्रवाई योजना (अन्य व्यय) - कार्यालय व्यय**	25.00	कोई परिवर्तन नहीं	**24**	**स्वच्छता कार्रवाई योजना**	25.00
18	**सूचना प्रौद्योगिकी (अन्य व्यय) - कार्यालय व्यय**	100.00	संशोधित और एक नए वस्तु शीर्ष "डिजिटल उपकरण" में राशिशामिल	**25**	**डिजिटल उपकरण**	100.00
19	**विभागीय कैंटीन- अन्य प्रशासनिक व्यय**	-	वेतन और "अन्य व्यय" में शामिल			0.00
	कुल	**8,282.87**				**8,282.87**

पूंजी खंड में, बजट अनुमान 2023-24 के लिए 1610.00 करोड़ रुपये की राशि का प्रस्ताव किया गया है।

- 560.00 करोड़ रुपये का अनुदान, प्रमुख शीर्ष 4059 (कार्यालय आवास का अधिग्रहण(, 4075 (संपत्ति XX-ग का अधिग्रहण और (4216 (आवासीय आवास का अधिग्रहणके लिए है। (
- इसके अलावा, 1050.00 करोड़ रुपये की राशि, व्यय विभाग की अधिसूचना का संख्या .आ.5895(अ (दिनांक16.12.2022 के अनुसार वस्तु शीर्ष में परिवर्तन के कारण राजस्व वस्तु शीर्ष "कार्यालय व्यय" में से पूंजीकरण के लिए प्रस्तावित किया गया है। "(अन्य व्यय) सूचना प्रौद्योगिकी" और

बजट अनुमान 2023-24 के लिए पूंजी खंड के अनुमान का विवरण नीचे दिया गया है: -

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

	पूंजी खंड	**बजट अनुमान 2023-24**
क्रम सं.	**प्रमुख शीर्ष**	
1	**4059** कार्यालय आवास का अधिग्रहण	466.19
2	**4059** निर्मित कार्यालय आवास का अधिग्रहण	0.01

3	**4075** विविध सामान्य सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	1052.00
4	**4216** आवासीय आवास का अधिग्रहण	91.79
5	तैयार आवासीय आवास का अधिग्रहण	0.01
	कुल	1610.00

मुख्य विशेषताएं:-

(क) राजस्व खंड

1. **"वेतन"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि रु. 4445.03 करोड़ थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए 5851.00 करोड़ रु की राशि प्रस्तावित की गई। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 31.63% की वृद्धि हुई है।
2. **"मजदूरी"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि रु. 70.61 करोड़ थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए 80.00 करोड़ रु की राशि प्रस्तावित की गई। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 9.39% की वृद्धि हुई है ।
3. **"चिकित्सकीय उपचार"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में लगातार वृद्धि हो रही है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि 52.86करोड़ रुपये थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए 72 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 36.21% की वृद्धि हुई है ।
4. **"घरेलू यात्रा व्यय"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि 72.00 करोड़ रुपये थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए 74.00 करोड़रुपये की राशि प्रस्तावित की गई। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 2.78% की वृद्धि हुई है ।
5. संशोधित अनुमान 2020-21 (केवल 0.10 करोड़ रुपये) की तुलना में बजट अनुमान 2023-24 में **"विदेश यात्रा व्यय"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 1900% (2 करोड़ रुपये) की वृद्धि हुई है।
6. **"कार्यालय व्यय"** के अंतर्गत वित्त वर्ष 2020-21 में आबंटन 1114.29 करोड़ रुपयेथा। बजट अनुमान 2023-24 के लिए 806.30 करोड़ रुपयेका आबंटन प्रस्तावित किया गया है जो वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में 27.64% कम है।
7. **"किराया, दर और कर"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि 555.96 करोड़ रुपयेथी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से 650.97 करोड़ रुपयेकी राशि प्रस्तावित की गई। इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन वित्त वर्ष 2023-24 तक 17.09% बढ़ गया है।

8. **"प्रकाशन"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन बढ़ा है; संशोधित अनुमान 2020-21 में यह राशि 2.67 करोड़ रुपयेथी जबकि बजट अनुमान 2023-24 में 3.30 करोड़ रुपयेकी राशि प्रस्तावित की गई है जो कि संशोधित अनुमान2020-21 से 23.60% की समग्र वृद्धि दर्शाता है।

9. **"विज्ञापन एवं प्रचार"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि 38.64 करोड़ रुपये थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से 75.00 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई। वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 94.10% की वृद्धि हुई है।

10. **"लघु एंव सिविल निर्माण कार्य"** शीर्षके अंतर्गत संशोधित अनुमान 2020-21 में 70.07 करोड रु. का आबंटन किया गया था।बजट अनुमान 2023-24 के लिए 100.00 करोड़ रुपयेका आबंटन प्रस्तावित किया गया है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 42.71% की वृद्धि को दर्शाता है।

11. वित्तीय वर्ष 2020-21 में, **"व्यावसायिक सेवाएं"** शीर्ष के अंतर्गत 99.57 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था, बजट अनुमान 2023-24 के लिए 102.55 करोड़ रु. का आबंटन प्रस्तावित किया गया है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 2.99% की वृद्धि को दर्शाता है।

12. वित्तीय वर्ष 2020-21 में**"अंशदान"** शीर्षके अंतर्गत 0.25 करोड़ रु. का आबंटन किया गया था, बजट अनुमान 2023-24 के लिए 1.00 करोड़ रुपये का आबंटन प्रस्तावित किया गया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 300% की वृद्धि को दर्शाता है।

13. **"गुप्त सेवा व्यय"** शीर्ष में आबंटन लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 के संशोधित अनुमान में यह राशि 28.50करोड़ रु. थी और बजट अनुमान 2023-24 के लिए 42 करोड़ रुपयेपर प्रस्तावित की गई। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक इस शीर्ष के अंतर्गत आबंटन में 47.37 % की वृद्धि हुई है।

14. **"स्वच्छता कार्रवाई योजना (अन्य व्यय)"** शीर्ष के अंतर्गत आबंटन 13.64% बढ़ गया है। संशोधित अनुमान 2020-21 में 22.00 करोड़ रु. से बढकर बजट अनुमान 2023-24 में 25.00 करोड़ रु. हो गया है।

(ख) पूंजी खंड

पूंजी खंड के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान और वित्त वर्ष 2021-22 के हिस्से में भी परियोजनाओं के पूरा होने की गति धीमी रही थी। कोविड-19 के कारण, कई परियोजनाओं में देरी हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 में पूंजी खंड के अंतर्गत आवंटित धन की कुछ राशि छोड दी गई है। हालाँकि, यह उम्मीद की जाती है कि आने वाला वर्ष एक सामान्य वर्ष हो सकता है और इसकी प्रत्याशा करते हुए, बजट अनुमान 2023-24 को बढ़ाया गया है। संशोधित अनुमान 2020-21 में 202.02 करोड़ रु. का आबंटन किया गया था जबकिवित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह राशि 1610.00 करोड़ रु. तक

बढ़ गई जो कि वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में 697.03% की भारी वृद्धि है, जिसका कारण डीएफपीआर, 1978 के नियम-8 के अंतर्गत संशोधित/नए वस्तु शीर्षों का संचालन है।

अनुदान की मांग संख्या-37 – अप्रत्यक्ष कर

इस अनुदान के अंतर्गत सीबीआईसी (केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्कबोर्ड) के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए स्थापना संबंधी व्यय के लिए प्रावधान किए गए हैं और केन्द्रीय क्षेत्र की योजनओं जैसे कि निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीपी) एवं अन्य स्क्रिप-आधारित योजनओं के लिए प्रावधान किए गए हैं। पिछले 3 वर्षों के लिए वर्ष-वार आबंटन और उपयोगिता, जो वित्त वर्ष 2020-21 से लागू हुई, इस प्रकार है:

(करोड रूपए में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	कुल व्यय (प्रत्येक वित्त वर्ष की 31/3 तक)	उपयोग किए गए संशोधित अनुमान का %	अभ्यर्पित राशि
2020-21	8258.50	7582.47	7384.21	97.39	762.11
2021-22	21359.27	74938.99	57592.53	76.85	17152.89
2022-23	41139.17	36687.94	25622.32(दिसम्बर,2022 तक)	67.11	-
2023-24	38510.58	-	-	-	-

स्पष्टीकरण:

वित्त वर्ष 2020-21

बजट अनुमान 2020-21 में 8258.50 करोड रूपए [राजस्व खंड के अंतर्गत: 7820.50 करोड रूपए एवं पूंजी खंड के अंतर्गत: 438.00 करोड रूपए] से घटाकर संशोधित अनुमान 2020-21 [राजस्व खंड 7304.47 करोड रुपए + पूंजी खंड 278.00 करोड रुपए] में 7582.47 करोड रूपए कर दिया गया था। राजस्व व्यय के अंतर्गत पुरस्कार, घरेलू यात्रा व्यय, अन्य प्रशासनिक व्यय और प्रचार एवं प्रसार के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर कटौती की गई थी। पूंजी शीर्ष में, कटौती मुख्य रुप से तस्कर-रोधी उपकरणों के अधिग्रहण और कार्यालय एवं आवासीय भवनों के लिए प्रावधान के अंतर्गत थी।

31.03.2021 तक कुल व्यय 7384.21 करोड रूपए [7168.11 करोड रूपए राजस्व खंड के अंतर्गत और 216.10 करोड रुपए पूंजी खंड के अंतर्गत] यह दर्शाता है कि संशोधित अनुमान के अनुसार मार्च, 2021 तक 97.39 प्रतिशत बजट उपयोग किया जा चुका था। राजस्व खंड के अंतर्गत संशोधित अनुमान के 98.13 प्रतिशत का उपयोग राजस्व खंड में किया गया था जबकि पूंजी खंड के अंतर्गत संशोधित अनुमान के 77.73 प्रतिशत का उपयोग पूंजी खंड में किया गया था।

वित्त वर्ष 2021-22

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, आरओडीटीपी योजना के लिए 13,000 करोड रूपए का प्रावधान किया गया था। इस प्रावधान के कारण, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बजट अनुमान 2020-21 के बजट अनुमान जो 8258.50 करोड रुपए था जो काफी ज्यादा बढकर 21,359.27 करोड रूपए हो गया था।

इसके अतिरिक्त, संशोधित अनुमान 2021-22 के समय आरओएससीटीएल और अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाओं के प्रावधानों के साथ, 2021-22[राजस्व खंड 73960.99 करोड रूपए + पूंजी खंड 978.00 करोड रूपए] में 74938.99 करोड रूपए हो गया था। बढोत्तरी मुख्य रूप से बजट अनुमान 2020-21 में 13,000.00 करोड रूपए की स्क्रिप-आधारित योजनाओं और आरओडीईटीपी, आरओएससीटीएल और अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाओं के लिए 66122.63 करोड रूपए को शामिल करने के कारण है। अन्य वस्तु शीर्षों में राजस्व व्यय के अंतर्गत स्थापना संबंधी व्यय में निम्न को बढाया गया पुरस्कार, किराया दरें एवं कर और सूचना प्रौद्योगिकी। पूंजी शीर्ष के अंतर्गत, बढोत्तरी मुख्य रूप से सीबीआईसी के कार्यालयों और आवासीय भवनों के लिए अवसंरचना संबंधी पूंजी योजनाओं केकारण थी।

31.03.2022 कर कुल व्यय 57592.53 करोड रूपए [7838.36 करोड रूपए के बजट में से 7589.78 करोड रूपए का बजट सीबीआईसी के सामान्य बजट के 96.83% के बजट उपयोग को दर्शाता है और 66122.63 करोड रूपए के बजट में से 49323.46 करोड रूपए का बजट व्यय राजस्व खंड के अंतर्गत स्क्रिप-आधारित योजनाओं पर 74.59 % के बजट उपयोग को दर्शाता है और 978.00 करोड रूपए में से 679.29 करोड रूपए का बजट पूंजी खंड के अंतर्गत 69.46 % के बजट के उपयोग को दर्शाता है] था जो संशोधित अनुमान के अनुसार सम्पूर्ण बजट अनुदान के 76.85 % को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2022-23 (दिसम्बर, 2022 तक)

2022-23 में बजट अनुमान 41139.17 करोड रूपए [राजस्व खंड के अंतर्गत: 39739.17 करोड रूपए एवं पूंजी खंड के अंतर्गत: 1400.00 करोड रूपए] से घटाकर संशोधित बजट 2022-23 [राजस्व खंड 35749.94 करोड रूपए + पूंजी खंड 938.00 करोड रूपए] में 36687.94 करोड रूपए हो गया। कटौती मुख्यत: राजस्व व्यय के अंतर्गत स्क्रिप-आधारित योजनाओं के बजट में थी। पूंजी शीर्षों के अंतर्गत, कटौती मुख्य रूप से तस्कर-रोधी उपकरणों के अधिग्रहण और कार्यालयों और आवासीय भवनों के लिए प्रावधान के कारण थी।

31.12.2022 तक कुल व्यय 24622.32 करोड रूपए [8640.22 करोड रूपए के बजट में से 6495.78 करोड रूपए का बजट सीबीआईसी के सामान्य बजट के 75.18% की उपयोगिता को दर्शाता है और 27109.72 करोड रूपए में से 17787.06 करोड रूपए का बजट राजस्व खंड के अंतर्गत स्क्रिप-आधारित योजनाओं के बजट के 65.61% के उपयोग को दर्शाता है और 938.00 करोड रूपए के बजट में से

339.48 करोड रूपए पूंजी खंड के अंतर्गत 36.19% के बजट की उपयोगिता को दर्शाता है] था जो संशोधित अनुमान के अनुसार कुल बजट अनुमान के 67.11% को दर्शाता है।

<u>वित्त वर्ष 2023-24</u>

बजट अनुमान 2023-24 [राजस्व खंड के अंतर्गत 36305.58 करोड रुपए एवं पूंजी खंड के अंतर्गत 2205.00 करोड रूपए] में से 38510.58 करोड रूपए के बजट में, आरओडीटीपी और अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाओं के लिए 27554.59 करोड रूपए का बजट शामिल है। बजट अनुमान 2023-24 में, सीबीआईसी का स्थापना संबंधी व्यय, केन्द्रीय क्षेत्र योजनाओं अर्थात् आरओडीपी + अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाओं को छोडकर 10955.99 करोड रूपए है।

<u>राजस्व खंड</u> – राजस्व पक्ष पर, 'वेतन' (6962.31 करोड रुपए) शीर्ष पर व्यय 38510.58 करोड रूपए के कुल अनुदान का 18.08% होने का अनुमान है। 'वेतन' मद में पिछले वित्त वर्ष 2021-22 (6216.35 करोड़ रुपये) के संशोधित अनुमान की तुलना में 12.00% की वृद्धि वार्षिक वेतन वृद्धि, डीए की किस्तों, सीबीआईसी में नए पदों को भरने के लिए है। डीडीजी 2023-24 में व्यय विभाग के दिनांक 15.12.2022 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार नए/संशोधित वस्तु शीर्षों के संचालन के कारण वेतन के कुल व्यय को तीन वस्तु शीर्षों अर्थात वेतन, भत्ते और एलटीसी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। राजस्व पक्ष पर वेतन के अलावा प्रमुख व्यय पाँच प्रमुख शीर्षों के अंतर्गत है, जैसे "आरओडीटीईपी + अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाएँ", 'कार्यालय व्यय', 'भूमि और भवन के लिए किराया, दर और कर', 'अन्यों के लिए किराया' और ' 28734.07 करोड़ रुपये की पेशेवर सेवाएं', जो कुल "राजस्व खंड" (36305.58 करोड़ रुपये) का 79.14% है। इन शीर्षों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

(क) आरओडीटीईपी+अन्य स्क्रिप-आधारित योजनाएं (केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं): वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट अनुमान 27554.59 करोड़ रुपये है जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन योजनाओं के संशोधित अनुमान (27109.72 करोड़ रुपये) की तुलना में 1.64% अधिक है (अनुबंध में दिये गये विवरण के अनुसार)।

(ख) कार्यालय व्यय: 'कार्यालय व्यय' के अंतर्गत व्यय 434.04 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कुल अनुदान (38510.58 करोड़) का 1.13% है। व्यय विभाग के दिनांक 15.12.2022 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसारनए वस्तु शीर्षों के परिचालन के कारण संशोधित अनुमान 2022-23 (808.00 करोड़ रुपये) की तुलना में 46.28% की कमी आयी है, जिसके परिणामस्वरूप कुछ व्यय जो पहले कार्यालय व्यय के अंतर्गत रक्षित किया गया था, को अब अन्य वस्तु शीर्षों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

(ग) 'भूमि और भवन के लिए किराया, दर और कर': इस शीर्ष में 468.02 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है जो कुल अनुदान (38510.58 करोड़) का 1.22% है। 'किराया, दर और कर' में वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमान (500.00 करोड़ रुपये) की तुलना में 6.40% की कमी आई है। बजट अनुमान

2023-24 में कमी वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान फील्ड फॉर्मेशन द्वारा अनुरोध किए गए आरआरटी दावों के बकाए के कम मामलों के कारण है।

(घ) अन्यों के लिए किराया: इस शीर्ष में 172.44 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है जो कुल अनुदान (38510.58 करोड़) का 0.45 प्रतिशत है। व्यय विभाग के दिनांक 15.12.2022 के कार्यालय ज्ञापन में उल्लिखित यह नया वस्तु शीर्ष है। इस शीर्ष में शामिल व्यय वाहनों को ज्यादातर किराए पर लेने के लिए होता है।

(ङ) व्यावसायिक सेवाएं: इस शीर्ष में 105.00 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है जो कुल अनुदान (38510.58 करोड़) का 0.27% है। 'पेशेवर सेवाओं' में वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमान (74.16 करोड़ रुपये) की तुलना में 41.59% की वृद्धि हुई है। वृद्धि मुख्य रूप से घाटे की अदालती फीस का भुगतान करने के लिए धन की अधिक आवश्यकता के कारण है।

पूंजी खंड - वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट अनुमान 2205.00 करोड़ है जो संशोधित अनुमान 2022-23 (938.00 करोड़ रुपये) की तुलना में 135.07% बढा है। इन शीर्षों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

(क) एमएच 4047 - इस शीर्ष के अंतर्गत व्यय 855.00 करोड़ रुपये होने का अनुमान है (जिसमें तस्करी विरोधी उपकरण की खरीद के लिए 150.00 करोड़ रुपये और महानिदेशक प्रणाली, सिस्टम की प्रमुख आईटी परियोजनाओं के लिए 495.00 करोड़ रुपये शामिल हैं) जो'एमएच 4047' में कुलपूंजीगत अनुदान (2205.00 करोड़) का 38.77% है । वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमान (43.00 करोड़ रुपये) की तुलना में 1888.37% की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से व्यय विभाग के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 15.12.2022 में उल्लिखित पूंजी अनुभाग के अंतर्गत नए वस्तु शीर्ष के खुलने के कारण हुई है।इस शीर्ष के अंतर्गत शामिल नया व्यय ज्यादातर सूचना, कंप्यूटर, दूरसंचार (आईसीटी) उपकरण और सीमा शुल्क और सीजीएसटी की फील्ड फॉर्मेशन के लिए फर्नीचर और फिक्स्चर से संबंधित है जो पहले राजस्व अनुभाग का हिस्सा था।

(ख) एमएच 4059- इस शीर्ष में 950.00 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है जो कुल अनुदान (2205.00 करोड़) का 43.08 प्रतिशत है। 'एमएच 4059' में वित्त वर्ष 2022-23 के आरई (630 करोड़ रुपये) से 50.79% की वृद्धि हुई है । वृद्धि मुख्य रूप से सीबीआईसी के कार्यालय आवास की ढांचागत परियोजनाओं जैसे कार्यालय के लिए भूमि की खरीद और कार्यालय भवनों के निर्माण आदि के लिए धन की अधिक आवश्यकता के कारण हुई है।

(ग) एमएच 4216- इस शीर्ष में 400.00 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है जो कुल अनुदान (2205.00 करोड़) का 18.14 प्रतिशत है। 'एमएच 4216' में वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमान (265.00 करोड़ रुपये) की तुलना में 50.94% की वृद्धि हुई है। वृद्धि मुख्य रूप से सीबीआईसी के आवासीय सुविधाओं की ढांचागत परियोजनाओं जैसे आवासीय भूमि की खरीद और आवासीय भवनों के निर्माण आदि के लिए धन की अधिक आवश्यकता के कारण है।

वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य तथा विगत तीन वित्तीय वर्ष अर्थात 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान प्राप्त लक्ष्य।

अनुदान की मांग संख्या - 36 प्रत्यक्ष कर

(आंकड़े करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	प्रत्यक्ष कर संग्रह (निवल)
2020-21	13,19,000.00	9,05,000.00	9,47,176.37#
2021-22	11,08,000.00	12,50,000.00	14,12,422.45#
2022-23* (31/12/2022 तक)	14,20,000.00	16,50,000.00	12,52,753.43#
2023-24$	18,23,250.00	-	-

स्रोत: # प्राप्ति बजट एवं प्रधान सीसीए, सीबीडीटी

* प्रधान सीसीए (सीबीडीटी) फ्लैश फिगर (31/12/2022)

$ बजट अनुमान 2023 -24 के लिए निर्धारित लक्ष्य

अनुदान की मांग संख्या - 37 अप्रत्यक्ष कर

(करोड़ रुपए में)

	वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए संशोधित लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2020-21के लिए वास्तविक संग्रह	वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए संशोधित लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2021-22के लिए वास्तविक संग्रह	वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए संशोधित लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वास्तविक संग्रह	वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य (ब.अ.)
सीमा शुल्क	1,12,000	1,34,750	1,89,000	1,99,728	2,10,000	1,60,739	2,33,100
केंद्रीय उत्पाद शुल्क	3,61,000	3,89,667	3,94,000	3,90,808	3,20,000	2,43,384	3,39,000
राज्य कर (बकाया)	1,400	1,615	1,000	1,012	1,000	139	500
कुल (गैर-जीएसटी)	**4,74,400**	**5,26,032**	**5,84,000**	**5,91,548**	**5,31,000**	**4,04,263**	**5,72,600**
सीजीएसटी	4,31,000	4,56,334	5,70,000	5,91,226	7,24,000	5,32,193	8,11,600
आईजीएसटी	-	7,251	-	2,119	-	142	-
जीएसटी-कॉम्प. उपकर	84,100	85,192	1,05,000	1,04,769	1,30,000	93,408	1,45,000
कुल (जीएसटी)	**5,15,100**	**5,48,777**	**6,75,000**	**6,98,114**	**8,54,000**	**6,25,744**	**9,56,600**
कुल निवल [जीएसटी+गैर-	**9,89,500**	**10,74,810**	**12,59,000**	**12,89,662**	**13,85,000**	**10,30,007**	**15,29,200**

जीएसटी]							

चार. माल एवं सेवा कर (जीएसटी)

4.1 देश में माल एवं सेवा कर व्यवस्था को शुरू करना भारत के अप्रत्यक्ष कर सुधारों के क्षेत्र में होने वाला एक महत्वपूर्ण कदम था। बड़ी संख्या में केंद्रीय एवं राज्यीय करों को एकल कर में बदलने का लक्ष्य प्रमुख तौर पर कैसकेडिंग को दूर करने या दोहरे कराधान को दूर करने तथा समान राष्ट्रीय बाजार हेतु मार्ग प्रशस्त करना था। देश में जीएसटी व्यवस्था को शुरू करने से पहले राज्य वित्त मंत्रालयों की अधिकार प्राप्त समिति, राज्य सभा की प्रवर समिति और संसदीय वित्त स्थायी समिति द्वारा मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। लंबी और विस्तृत चर्चा के उपरांत, संविधान (एक सौ एकवां संशोधन) अधिनियम को 50 प्रतिशत राज्यों द्वारा अनुसमर्थन के बाद राष्ट्रपति द्वारा 08 सितंबर, 2016 को सहमति प्राप्त हुई। तत्पश्चात् केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, एकीकृत माल एवं सेवाकर (आईजीएसटी) अधिनियम, संघ राज्य क्षेत्रीय माल एवं सेवा कर (यूटीजीएसटी) अधिनियम और माल एवं सेवा कर (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम को अधिनियमित किया गया ताकि जीएसटी व्यवस्था को 01 जुलाई, 2017 से सफलतापूर्वक शुरू किया जा सके।

4.2 संघ राज्यक्षेत्रीय माल एवं सेवा कर (यूटीजीएसटी):-

जिस प्रकार राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) अधिनियम जिसे संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विधायी के साथ अधिनियमित किया गया है ताकि संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अन्दर के सभी लेन-देनों पर कर की उगाही और संग्रहण किया जा सके उसी प्रकार संघ राज्य क्षेत्रीय माल एवं सेवा कर (यूटीजीएसटी) अधिनियम, 2017 को विशिष्ट रूप से गैर विधान मंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों जैसे अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दादरा एवं नागर हवेली, दमन और दीव और चंडीगढ़ में अधिनियमित किया गया ताकि जीएसटी की उगाही एवं संग्रहण किया जा सके।

4.3 विभिन्न राज्यों द्वारा अलग-अलग हुए/रिपोर्ट किए गए राजस्व हानि की राशि और भुगतान किए गए मुआवजे की सीमा।

जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017 की धारा 7 के अनुसार, जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण राजस्व की हानि के लिए उक्त अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत राज्यों को कुछ लक्जरी वस्तुओं और वर्जित वस्तुओं पर लगाए जाने वाले जीएसटी मुआवजा उपकर की आय से मुआवजा दिया जाना आवश्यक है। जीएसटी (राज्य को मुआवजा) अधिनियम, 2017 की धारा 10 (1) के प्रावधानों के अनुसार, जीएसटी मुआवजा उपकर को भारत के सार्वजनिक खाते में जीएसटी मुआवजा कोष के रूप में ज्ञात ग-व्यपगत निधि में जमा किया गया है। उक्त अधिनियम, 2017 की धारा 10(2) यह प्रावधान करती है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति का भुगतान क्षतिपूर्ति निधि से किया जाएगा।

